	मिलियन एस. डी. आर.
1992 . .	32.2
1993 . .	108.8
1994 . .	136.6
1995 . .	135.2
1996 . .	113.8
1997 . .	74.7
1998 . .	42.8
1999 . .	18.9
2000 . .	3.6
	666.6

(ङ) सन 2000 तक ऋण की समस्त राशि का भुगतान कर दिया जाएगा ।

भारतीय मुद्रा का मूल्य

441. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय मुद्रा का मूल्य लगातार घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में गिरता जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो 1970-71 के मूल्यों पर 1980-81 में और 1990-91 के अन्त में रुपये का मूल्य क्या आंका गया था ; और

(ग) विश्व की विभिन्न प्रमुख मुद्राओं के मूल्य की तुलना में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 1970-71, 1980-81 और 1990-91 के दौरान रुपयों का मूल्य क्या था ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) से (ग) भारतीय रुपए का मूल्य (वर्ष 1970-71 को आधार मानते हुए औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के व्युत्क्रम में मापित) मार्च, 1981 में 44 पैसे और मार्च, 1991 में 19 पैसे था । वर्ष 1970-71, 1980-81 और 1990-91 के दौरान विश्व की प्रमुख करेंसियों की तुलना में भारतीय करेंसी का मूल्य निम्नलिखित सारणी में दर्शाए गए अनुसार था :--

रुपए विदेशी मुद्रा प्रति इकाई के अनुसार

वार्षिक औसत

करेंसी	1970-71	1980-81	1990-91
अमरीकी डालर	7.500	7.908	17.943
पोण्ड स्टर्लिंग	18.000	18.500	33.193
ड्यस मार्क	2.049	4.190	11.435
येन	0.021	0.037	0.128
फ्रांसिसि फ्रांक	1.350	1.800	3.387